कुबेर भूमि
जनता की आवाज

- एक्सक्लूसीव छत्तीसगढ़ राज्यों से

सीआईएसएफ के स्थापना दिवस की चर्चा एयरपोर्ट पर सुनकर मैं खुश हुआ- नित्यानंद राय

NEWSDESK March 12, 2024

बुनियादी प्रशिक्षण, मार्च फास्ट व परेड की सलामी सांस्कृतिक कार्यक्रमों का हुआ रंगारंग कार्यक्रम

भिलाई। केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल उतई प्रशिक्षण केन्द्र में आज 55वें स्थापना दिवस के अवसर पर देश के केन्द्रीय गृह राज्यमंत्री नित्यानंद राय ने सीआईएसएफ के महानिदेशक मीणा सिंह व राज्य पुलिस के मुखिया डीजीपी अशोक जुनेजा,विवेकानंद सिन्हा,राजेश मिश्रा सहित सीआईएसएफ के तमाम बड़े अफसरों की मौजूदगी में सैल्यूट परेड (मार्च फास्ट) की सलामी ली और सांस्कृतिक कार्यक्रमों को देख जवानों का मनोबल बढ़ाया व उत्कृष्ठ कार्य करनेवालों को मेडल भी प्रदान किया। बल के प्रशिक्षण लेनेवाले नौजवानों को श्री राय ने बधाई दी।

श्री राय ने अपने संबोधन में कहा कि आज सीआईएसएफ के ये जवान बुनियादी प्रशिक्षण लेकर तैयार हो गए। बर्फिला स्थान हो,रेतीली जगह हो या कितनी भी ठंड हो, जम्मू से लेकर पूरे देशभर में एयरपोर्ट, बंदरगाह, परमाणु ऊर्जा,दिल्ली मेट्रो,आर्थिक विकास व देश की आंतरिक सुरक्षा के अलावा वीवीआईपी सुरक्षा और औद्योगिक संस्थानों में भी सीआईएसएफ के जवान पूरी ईमानदारी, समर्पण भाव व परिश्रम व अनुशासन के साथ अपनी सेवाएं पूरे देश में ये जवान दे रहे है। साथ ही मैं उन जवानों को भी नमन करता हूं, जिन्होने कर्तव्य पथ पर रहते हुए देश के लिए बलिदान दिया,उन शहीदों को मेरा नमन है। साथ ही देश की तरफ से उनके परिवार को भी मैं नमन करता हूं।

उन्होने उदाहरण देते हुए कहा कि मुंबई की एक रसायन फैक्ट्री में गैस रिसाव हो गई थी, लेकिन 8 जवानों अपनी जान की परवाह किए बगैर, अपने जान को जोखिम में डालकर लीक हो रही गैंस को बंद किया और करोड़ों लोगों की जान बचाई। यह सीआईएसएफ के जवानों में समर्पण और बलिदान की भावना है और वे देश के लिए प्रहरी है। देशसेवा व सुरक्षा में सीआईएसएफ के जवान लगे रहते है और हम सब को प्रेरणा देते है। उन्होने आगे कहा कि अब तक पूरे देश में 1 लाख 77 हजार सीआईएसएफ के जवान है, जिसे बढ़ाकर 2 लाख कर दिया गयाहै। साथ ही महिला बटालियन अलग से काम करेगी और 13 अलग-अलग भाषाओं में परीक्षा लेकर देशप्रेम की भावना लिए नए नवजवान सीआईएसएफ में भर्ती हो इसकी शुरुआत देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कर दी है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व गृहमंत्री अमित शाह आपके साथ पूरी तत्परता के साथ खड़े है। सीआईएसएफ में भर्ती हमारी बहनें किसी से भी कम नहीं है।

आज महिलाएं पुरुषों के बराबर कंधे से कंधा मिलाकर काम कर रही है और महिला जवान पूरी निडरता के साथ चुनौतियों का सामना कर रही है। महिला सशक्तिकरण के लिए देश के प्रधानमंत्री महिलाओं को आगे बढ़ा रहे है। नारी सशक्तिकरण पर पीएम जोर दे रहे है। सीआईएसएफ के महानिदेशक मीना सिंह इसके ताजा उदाहरण है। वे 2 लाख सीआईएसएफ के जवानों को कमांड कर रही है व प्रेरणा दे रही है। प्रधानमंत्री के संकल्प को आगे बढ़ा रही है। प्रशिक्षण लेनेवाले इन बच्चों में गजब का उत्साह है। उनको मैं प्रणाम करता हूं। आज जब मैं राजधानी एयरपोर्ट में उतरा तो वहां पर भी सीआईएसएफ के स्थापना दिवस की चर्चा सुनने में खुशी हुई। सीआईएसएफ के जवानों को कोई छू नहीं सकता और जो छुने का प्रयास करेगा वह नष्ट हो जाएगा। अब तक सीआईएसएफ के जवानों ने 103 बहुमूल्य लोगों का जीवन बचाया है। नक्सलवाद और आतंकवाद के मामले में जीरो टॉलरेंस पर हमारी सरकार काम कर रही है। देश को जो आतंकवादी नुकसान पहुंचा रहे है वह अब आत्मसमर्पण कर रहे है और मूल धारा में जुड़ रहे है। नक्सलवाद और आतंकवाद देश से समाप्त होगा। पैरामेडिकल फोर्स पूरे भारत का गौरव है। गृहमंत्री मंत्रालय ने 5 करोड़ से ज्यादा वृक्षारोपण की बात की थी,उससे ज्यादा पेड़ लगाए गए है। आज मोदी जी की तारीफ देश-विदेश में हो रही है। मोदी की गारंटी का असर दिख रहा है। भारत आत्मनिर्भर बनेगा। कोई भी व्यक्ति बेघर नहीं होगा। उन्होने विवेकानंद स्वामी का जिक्र करते हुए कहा कि उनके बचपन का नाम नरेन्द्र था, आज देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भी स्वामी विवेकानंद के सपनों को साकार करने जी जान से काम कर रहे है। 140 करोड़ देशवासियों के भावनाओं का पीएम नरेन्द्र मोदी सम्मान बढ़ा रहे है।
भारत विश्वगुरु बन गया है। 2047 तक विकसित भारत होगा। सभी जवान अपनी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी पर तत्परता से काम करें। इन 9 वर्षों मे आंतरिक सुरक्षा में अच्छा काम हुआ है। 35 लाख आयुष्मान कार्ड 24 हजार जवानों को कैशलेस सुविधा प्रदान कर रहे है। जवानों को अच्छा कैंपस व आवास सुविधा प्रदान करना हमारी जिम्मेदारी है। वर्दी की विशेषता है कि वह हमें प्रेरणा व ऊर्जा देती है और देश को जवानों पर भरोसा है। जीवन के पथ में आप सभी आगे बढ़े। पीएम का जो सपना है एक भारत, श्रेष्ठ भारत, विकसित भारत को और आगे लेके जाना है। कार्यक्रम में आईपीएस पीयूष आनंद, शिखा गुप्ता, संजय प्रकाश, जसवीर सिंह, कुंदन कृष्णन,बीएसपी नगर सेवा विभागके जीएम श्री सभकाले, उद्योगपति मनीष गुप्ता के अलावा सीआईएसएफ के अफसर व जवान उपस्थित थे।